इंटर्नशिप रिपोर्ट 2018-2020

शिक्षण एक कला है और इस कला में विशेषज्ञता बिना प्रशिक्षण के नहीं आती है। इसी विशेषज्ञता के अर्जन हेतु श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग (बी.एड.) के सत्र 2018-20 के तृतीय सेमेस्टर के छात्रों का चार माह /16 सप्ताह का इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया I यह कार्यक्रम दिनांक 02.09.2019 से 25.01.2020 तक जनपद बलिया के विभिन्न स्कूलों एवं कालेजों में संपन्न हुआ।इंटर्नशिप में उत्तर माध्यमिक विद्यालय देवकली, जूनियर हाईस्कूल हरपुर तथा दयानंद जूनियर हाईस्कूल बलिया आदि शामिल रहे I उक्त स्कूलों में ही सभी विद्यार्थियों ने अपने 4 माह / 16 सप्ताह तक छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिका के रूप में शिक्षण अभ्यास किया तथा विद्यालय से संबंधित अन्य पाठ्येत्तर गतिविधियों में भाग लिया I इंटर्नशिप कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को अपने निर्धारित पाठ्यक्रम से किन्ही दो विषयों से शिक्षण अभ्यास करना था I इन्हीं दोनों विषयों में से प्रत्येक से 2020 अर्थात कुल 40 अद्द   पाठ योजनाओं का निर्माण कर उनका शिक्षण अभ्यास करना था। जिसको सभी प्रतिभागियों ने लगन व निष्ठा से संपन्न किया I प्रतिभागियों में से कई विषय वर्ग यथा कला ,विज्ञान, वाणिज्य और कृषि के थे जिन्हे कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को शिक्षण करना था I साथ ही साथ विद्यालय में पाठ्य सहगामी क्रियाओं में प्रतिभाग कर व्यावहारिक एवं विषयगत दोनों जानकारी प्राप्त किया I

स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है, इस स्थिति को ध्यान में रखकर प्रतिभागियों ने खेलकूद, व्यायाम ,योगा, प्राणायाम, आसन आदि का शिक्षण प्रशिक्षण प्राप्त किया I शिक्षा मनोविज्ञान एवं बाल मनोविज्ञान के सिद्धांतों के साथ शैक्षिक तकनीकी के ज्ञान को एकीकृत करके एक उत्तम शिक्षा अधिगम व्यवस्था का निर्माण किया गया। मूल्यांकन की विधियों की व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया I विशिष्ट शिक्षा के सिद्धांतों में समावेशी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया एवं शिक्षण हेतु भयमुक्त वातावरणका निर्माण किया गया I क्रियात्मक अनुसंधान के ज्ञान को समय-समय पर उपयोग किया गया व बिद्यालय के तात्कालिक समस्याओं का निराकरण किया गया।

निरीक्षण किसी प्रशिक्षण का आवश्यक अंग होता है , अतः प्रतिभागियों की समस्त गतिविधियों का निरीक्षण स्वतंत्र रूप से होता रहा ।इसमें सहभागी पर्यवेक्षण को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया I पर्यवेक्षण में उक्त स्कूल के प्रधानाध्यापक और विषय अध्यापकों का पूर्ण सहयोग मिला ।अपने कालेज श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के बी. एड. विभाग के प्राध्यापकों ने भी समय-समय पर पर्यवेक्षण किया, जिसमें   विभाग प्रभारी डॉक्टर ओंकार सिंह, डॉक्टर रमाकांत सिंह, डॉ संजय कुमार सरोज तथा डॉक्टर भारतेंदु मिश्रा आदि सक्रिय रूप से योगदान किया I इस प्रकार सत्र 2018-20 का इंटर्नशिप कार्यक्रम ससमय सकुशल संपन्न हुआ।

धन्यवाद